## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार कार रेलिंग से टकराई, चालक की मौत

महासमुन्द (आरएनएस)। जिले से होकर गुजरने वाली एनएच 353 टोल नाके के पास बीती रात दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। तथा इस घटना में वाहन चालक की स्टेयरिंग में फंसने से मौके पर ही मौत हो गई..वही पुलिस ने मौके पर पहुँच गैस कटर से वाहन चालक का शव निकालकर पोस्टमाटज़्म के लिए भेज दिया है।

### नए चीफ जस्टिस 7 को राजभवन में लेंगे शपथ

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस अजय कुमार त्रिपाठी 7 जुलाई को राजभवन में शपथ लेंगे। राज्यपाल बलरामजी दास टंडन नए चीफ जस्टिस को उनके पद की शपथ दिलाएंगे। अजय कुमार त्रिपाठी अब चीफ जस्टिस टीबी राधाकृष्णन का स्थान लेंगे।सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने छत्तीसगढ़ का चीफ जस्टिस बनाने के लिए त्रिपाठी के नाम की अनुशंसा की थी।

चीफ जस्टिस त्रिपाठी इससे पूर्व पटना हाई कोर्ट में न्यायाधीश रह चुके हैं। बोकारो इस्पात नगर से इनका गहरा नाता है। इन्होंने स्कूली शिक्षा संत जेवियर्स स्कूल बोकारो में ग्रहण की। यहां से प्लस टू स्तर की शिक्षा हासिल किए. इसके बाद उन्होंने दिल्ली के मशहूर श्रीराम कॉलेज से उच्च शिक्षा ग्रहण की। दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी किए।

### 25 हजार रुपये रिश्वत लेते जिला आबकारी अधिकारी गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। एंटीकरप्शन ब्यूरो रायपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला अबकारी यदुनंदन राठौर को 25 हजार रुपए की घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता प्रार्थी तुलसीराम सोनकर के मुताबिक मकान किराए का पेमेंट का चेक जारी करने के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। जिसके बाद इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद एसीबी की टीम ने सुनियोजित तरीके से ये कार्रवाई की है। ईधर जिला आबकारी अधिकारी के घूस लेने की खबर से प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई है।

### 135 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टेली मेडिसीन की सुविधा 15 अगस्त से

रायपुर (आरएनएस)। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 135 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में 15 अगस्त से टेली मेडिसीन की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। इस हेतु प्रदेश में जोरशोर से तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक जिले में पांच -पांच हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा। टेलीमेडिसीन के माध्यम से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम गंभीर एवं लाइलाज मरीजों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देश के महानगरों में स्थित विषय विशेषज्ञों से मार्ग दर्शन प्राप्त कर उपचार की जानकारी लेंगे। स्वास्थ्य संचालक ने सभी जिलों के 135 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर 15 अगस्त से प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

### बालको यूनियन पदाधिकारियों का तबादला

कोरबा। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको कर्मचारियों का अंतर विभागीय तबादला कर प्रताड़ित करने का आरोप प्रबंधन पर लगातार लगाया जा रहा है। इस बीच प्रबंधन ने यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी समेत डेढ़ दर्जन कर्मियों को तबादला कर हड़कंप मचा दिया है। स्थानांतरण आदेश के साथ ही कार्यमुक्त कर दिया गया, ताकि श्रमिक नेता नए स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर सकें, पर अन्य कर्मियों की तरह इनका पंच ब्लॉक नहीं किया गया।

बालको में पिछले कुछ अरसे से कर्मचारियों के तबादले किए जा रहे हैं।

### स्टेशन के बाहर ऑटो के जमावड़े से यात्रियों की आवाजाही प्रभावित

रायपुर (आरएनएस)। दपूमरे के तहत रायपुर स्टेशन प्रमुख स्टेशनों में शुमार है। बावजूद इसके प्लेटफार्म एक के प्रवेश द्वार के समक्ष आटो चालकों का झुंड जमा रहता है। जिसके चलते यात्रियों को आने जाने में असुविधा होती है। यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन चौक के आसपास आटो चालकों द्वारा सवारी बैठाने के नाम पर बीच सड़क में ऑटो खड़ा कर मनमानी की जाती है। यातायात अमला के जवानों की उपस्थिति में आए दिन यात्रियों से ऑटो चालकों द्वारा यातायात जाम करने के नाम पर झगड़ा विवाद होते रहता है। यात्रियों ने इस संबंध में शासन के जिम्मेदारों को अनेकों बार अवगत कराया है। बावजूद इसके हालात जस के तस है।

### इंटकवेल का पंप खराब, बड़ी आबादी के सामने पेयजल संकट

रायपुर (आरएनएस)। खारून नदी के जलस्तर में आई कमी और इंटकवेल तक पर्याप्त पानी नहीं आने से इन दिनों शहर के कई इलाकों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। इसे लेकर जहां भाजपा पार्षदों ने कल आयुक्त से मिलकर शिकायत की थी। इधर शहर की एक बड़ी आबादी को काफी कम समय के लिए पानी मिल पा रहा है।

# राज्य में शिक्षा के अधिकार कानून का कड़ाई से पालन जारी-शिक्षामंत्री

## विधायक देवजी भाई पटेल ने लगाया नियम कानून की धज्जियां उड़ाने का आरोप

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा बीपीएल बच्चों को प्रवेश नहीं दिए जाने एवं निजी स्कूलों द्वारा शासकीय नियमों का उल्लंघन किए जाने का मामला उठा। सत्ता पक्ष की ओर से सदस्य देवजी भाई पटेल ने यह मामला उठाते हुए कहा कि 26 जून 2018 की स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते निजी स्कूल प्रबंधन बेलगाम हो गया है। वहीं शासकीय स्कूलों ने शासन के नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राज्य शासन ने शैक्षणिक सत्र 2018 के शैक्षणिक कैलेण्डर में 15 जून से स्कूल खोलने का निर्देश जारी किया मगर नामी गिरामी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों सहित सभी निजी स्कूल 01 माह पूर्व ही मई 2018 में



खुल गये। जहां एक ओर स्कूलों द्वारा 12 महीने की शुल्क वसूली की जा रही है। वहीं हर क्लास में प्रत्येक बच्चे से प्रवेश शुल्क के नाम पर 10 हजार रूपए से 35 हजार तक की फीस वसूल कर रहे है। शिक्षा के अधिकार कानून (आर.टी.आई) की धज्जियां उड़ाई जा रही है। रायपुर क्षेत्र के 35 स्कूलों ने अल्पसंख्यक वर्ग का छूट का बहाना कर आर.टी.आई के तहत बीपीएल बच्चों को प्रवेश देने से इंकार कर दिया। ना तो इनके पास राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग दिल्ली का और ना ही संचालक आदिम जाति विभाग का प्रमाण पत्र है। जिन 35 निजी स्कूलों में शिक्षा विभाग आरटीआई के दायरे से अलग माना है। वहीं अल्पसंख्यक के बच्चों की प्रवेश संख्या नगण्य है। विभाग के शीर्षस्थ अधिकारी केवल नोटिस थमाकर मामले को रफा दफा करने में लगे है। राज्य बाल सुधार संरक्षण आयोग के निर्देशों को भी रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। यहीं नहीं निजी-शासकीय स्कूली बच्चों से क्रीड़ा शुल्क के नाम पर प्रतिवर्ष 08 से 10 करोड़ रूपए की वसूली की जा रही है। शासन ने इस सत्र में 200 मिडिल, हाईस्कूलों का उन्नयन किया है मगर आज तक संबंधित स्कूलों को सूचना दी गई है ना ही आवश्यक शैक्षिक स्टॉफ उपलब्ध कराया गया है। शासन के नियम निर्देश का पालन नहीं होने से प्रदेश की आम जनता में शासन प्रशासन के प्रति रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

इसके जवाब में स्कूली शिक्षामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह सही नहीं है कि जून 2018 की स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते निजी स्कूल प्रबंधन बेलगाम हो गया है। यह सही नहीं है कि विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त विद्यालयों में शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन शैक्षिक समय-सारिणी के अनुसार किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में लगातार वृद्धि : भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान की ताजा रिपोर्ट

### अधिसूचित वन भूमि के बाहर की भूमि पर वृक्ष आवरण में 204 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान देहरादून की ताजा रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि रिकॉर्ड की गई है। विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए वन भूमि के डायवर्सन और जंगलों पर जैविक दबाव के बावजूद राज्य के वन और वृक्ष आवरण में 165 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है, जबकि वर्ष 2015 से 2017 के बीच राज्य में अधिसूचित वन भूमि के बाहर की भूमि पर सघन वृक्षारोपण के फलस्वरूप वृक्षों का आवरण तीन हजार 629 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर तीन हजार 833 वर्ग किलोमीटर हो गया अर्थात इसमें 204 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई।

यह जानकारी आज यहां वन विभाग के अधिकारियों ने दी। उन्होंने भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान की हाल में प्रकाशित रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य के वन और वृक्ष आवरण का क्षेत्रफल जो



वर्ष 2015 में 59 हजार 215 वर्ग किलोमीटर था, वह वर्ष 2017 में 165 वर्ग किलोमीटर बढ़कर 59 हजार 380 वर्ग किलोमीटर तक पहुंच गया। वन आवरण की दृष्टि से देश में छत्तीसगढ़ का तीसरा स्थान है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा राज्य कैम्पा निधि, हरित भारत मिशन (ग्रीन इंडिया मिशन) हरियर छत्तीसगढ़ अभियान, हरियाली प्रसार योजना, राष्ट्रीय बास मिशन, वन विकास अभिकरण और मनरेगा आदि विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश भर में वन भूमि और गैर वन भूमि पर व्यापक वृक्षारोपण किया गया है।

## राज्य में फिलहाल हल्की से मध्यम बारिश के आसार

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। वहीं राजधानी में शाम-रात को हल्की बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो तीन दिन पूर्व बना चक्रवात आज भी सक्रिय है। कल यह सिस्टम पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी, दक्षिणी बोडिशा और उत्तरी आंध्रप्रदेश के ऊपरी हवा में विस्तृत था। आज यह चक्रवाती घेरा दक्षिणी ओडिशा के ऊपर सक्रिय बना हुआ है और ऊपरी हवा में 7.6 किमी की ऊंचाई पर है। पूर्व में इस सिस्टम के नीचे आने तथा कम दबाव बनने की उम्मीद जताई गई थी। लेकिन परिस्थितियां अनुकूल न होने से यह चक्रवाती घेरा अभी भी दक्षिणी ओडिशा और सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय बना हुआ है।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ : 2 युवती समेत तीन गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। शहर में एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। तालपुरी के परिजात कॉलोनी में ये रैकेट संचालित हो रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छापेमारी की, जिसके बाद पुलिस ने महिलाओं समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान घर में नकद समेत



आपत्तिजनक समान भी बरामद हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भिलाई के पौष इलाके परिजात कॉलोनी में समय से पुलिस को सेक्स रैकेट संचालित होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने उसी सूचना के आधार पर आज इलाके के एक मकान में छापेमारी की, जिसमें दो कालगर्ल समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफपीटा एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की है। जानकारी के मुताबिक इस रेकेट के तार रायपुर और आसपास के क्षेत्र में था। कई लड़कियां बाहर से भी यहां आती थी और कई सफेदपोश लोगों के पहुंचायी जाती थी।

## बॉलीवुड में अभिनय के लिये बस्तर में होगा ऑडिशन

जगदलपुर। बस्तर की वादियां अब बॉलीवुड को लुभाने लगी हैं। अब रजतपट पर न केवल बस्तर की तस्वीर ही नजर आएगी, बल्कि अंचल के कलाकार भी बॉलीवुड में अपनी धाक जमाएंगे। दरअसल मशहूर फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के सहायक रहे रोहित चौधरी ने अपनी नई फिल्म (रंग इश्क का) के लिए अंचल के कलाकारों के लिए 8 जुलाई से ऑडिशन लेंगे।

इसमें चयनित होने वाले 12 कलाकार बॉलीवुड की दुनिया में अपना जलवा बिखेरेंगे। शहर के एक डांस एकेडेमी में बुधवार को आयोजित पत्रवार्ता में रोहित ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए अपनी योजना के बारे में बताया।

## शराबबंदी के मुद्दे पर कांग्रेस का सदन से वॉकआउट

रायपुर (आरएनएस)। मानसून सत्र के तीसरे दिन आज बुधवार को विधानसभा में कांग्रेस ने प्रदेश में शराब बंदी का मामला उठाया। आबकारी मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि शराब बंदी व्यापक परीक्षण का विषय है और इसके लिये अध्ययन दल बनाया गया है। कांग्रेस सदस्यों ने मंत्री के जवाब को असंतोष जनक बताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

प्रश्नकाल में कांग्रेस सदस्य भूपेश बघेल ने प्रदेश में शासकीय शराब दुकानों में बेची जा रही बीयर का मामला उठाते हुए मंत्री से पूछा कि प्रदेश में पिछले 3 वर्षों में किस-किस ब्रांड की बीयर कितनी मात्रा में बिकी है। उन्होंने यह भी पूछा कि प्रदेश में अन्य ब्रांड की तुलना में सिम्बा और सूमो ब्रांड की बीयर ज्यादा बेची जा रही है। इसके जवाब में आबकारी मंत्री ने बताया कि डिमांड के आधार पर बीयर की बिक्री होती है। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि जब शराब दुकाने सरकार के हाथों में नही थी तो दूसरे ब्रांड की बीयर की खपत ज्यादा थी फिर अचानक सिम्बा और सूमो बीयर की खपत कैसे बढ़ गई। उन्होंने मंत्री से पूछा कि क्या इन ब्रांड की बीयर में किसी भाजपा नेता की भागीदारी तो नही है। इसके जवाब में अमर अग्रवाल ने कहा कि किसी भाजपा नेता की भागीदारी नही है अगर कोई प्रमाण दे तो निश्चित उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। भूपेश बघेल ने मंत्री से पूछा की सरकार शराबबंदी करना चाहती है कब तक शराब बन्द की जाएगी। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि शराबबंदी परीक्षण का विषय है और इसके लिए अध्ययन दल बनाया गया है जिस पर अध्ययन चल रहा है।

## बिजली के खंभे बने प्रचार का सशक्त माध्यम



जगदलपुर (आरएनएस)। शहर में विद्युत प्रवाह प्रदान करने के लिये सड़कों के किनारे विद्युत कंपनी द्वारा जो बिजली के खंभे लगाये गये हैं। वे आज व्यवस्था को मुंह चिढ़ाते हुए विभिन्न संस्थाओं व कंपनियों के प्रचार के लिये एक सशक्त माध्यम बनकर दिखाई पड़ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में बिजली के खांभों पर विभिन्न प्रकार के प्रचार के पोस्टर, छोटे बैनर व फ्लेक्स आदि टांग कर इनके माध्यम से अपनी और अपनी संस्था की प्रचार का काम किया जा रहा है।

## 15 अगस्त से शुरू हो जाएगी हवाई उड़ान

### सिविल एविएशन अथारिटी की टीम ने चकरभाठा हवाई पट्टी का किया मुआयना

बिलासपुर (आरएनएस)। आजादी के दिन 15 अगस्त से बिलासपुर और अंबिकापुर भी हवाई सेवा से जुड़ जाने की संभावना है। इस दिन से इन दोनों जगहों से एयर ओडिशा का प्लेन उड़ान भरना चालू कर देगा। दिल्ली से आई सिविल एविएशन अधिकारी की टीम शनिवार को बिलासपुर के चकरभाठा एयर स्ट्रीप का मुआयना किया। राज्य के विमानन विभाग ने भी इसके लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जगदलपुर से विमान सेवा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 मई को विकास यात्रा के समापन में की थी।

बिलासपुर और अम्बिकापुर के लिए सरकार 15 अगस्त तक का टारगेट रखकर चल रही है। इसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। हालांकि छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर एविएशन रजत कुमार ने दोनों जगहों से विमान परिचालन शुरू होने की तारीख बताने से इंकार किया लेकिन उन्होंने कहा कि पूरी कोशिश की जा रही है 45 दिनों के भीतर बिलासपुर और सरगुजा में विमान परिचालन प्रारंभ हो जाए।

## आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर ही एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना पंतोरा चौकी क्षेत्र के मुड़ाभांठा आंगनबाड़ी केन्द्र की है। फांसी लगाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का नाम पूनम जायसवाल है। पूनम ने किन कारणों से यह कदम उठाया, अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पूनम का शव पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटकी हुई हालात में मिली। सूचना पाते ही मौके पर पुलिस पहुंची।

## निगम के राजस्व व स्वास्थ्य विभाग के 36 कर्मचारी पदोन्नत हुए

रायपुर (आरएनएस)। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 21 जून 2018 में अनुशंसित अनुसार राजस्व निरीक्षक से सहायक राजस्व अधिकारी के पद पर विवेकानंद दुबे को पदोन्नत किया गया। इसी प्रकार राजस्व उपनिरीक्षक पद से राजस्व निरीक्षक के पद पर प्रमोद जाधव, मानकूराम धीवर, अमरनाथ साहू, विजय कुमार शर्मा पदोन्नत किये गये। नगर निगम रायपुर के राजस्व व स्वास्थ्य विभाग के एक साथ 36 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है। नगर निगम ने राजस्व विभाग के 29 कर्मचारियों को एक साथ विभागीय पदोन्नति प्रदान कर दी है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के 7 कर्मचारी एक साथ पदोन्नत किये गये है। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में सहायक राजस्व निरीक्षक पद से राजस्व उप निरीक्षक के पद पर प्रशांत चक्रवर्ती, किशोर डिग्रेस्कर, राजू दुबे, शत्रुघन लाल सोनी, अश्वनी कुमार शर्मा, अशोक बंजारी, राकेश कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार तिवारी, कैलाश कुमार, कामता प्रसाद, राजेन्द्र कुमार वर्मा, वल्लभ शर्मा, जगत नारायण पांडे, कृष्ण कुमार पांडे, उमाकांत शर्मा, अनिल कुमार सोनी, शेखरचंद्र वास्तव, सुजन चक्रवर्ती, अजय चटर्जी, सुनील कुमार ध्रुव, मनीष कुमार मरकाम, राम सेन्द्र, महादेव रक्सेल, कैलाष कुमार मरकाम को पदोन्नत किये गये।

वहीं स्वच्छता पर्यवेक्षक पद से स्वच्छता निरीक्षक के पद पर खेमलाल देवांगन, मुक्तानंद चंद्राकर, आत्मानंद साहू, धनसिंह राजपूत, विरेन्द्र चंद्राकर, चंद्रकांत सोनकर, सुउषा बघेल को पदोन्नत किया गया।